(1) सा.का.नि. 625 तारीख 8-6-1984 पृष्ठ 1502—150

(2) सा.का.नि. 1042 तारीख 6-9-1984 पृष्ठ 2576 पर।

(3) सा.का.नि. 10 तारीख 8-1-1984 पृष्ठ 26—34 पर।

(4) सा.का.नि. 727 तारीख 3-8-1985 पृष्ठ 1879—1882 पर।

(5) सा.का.नि. 1019 तारीख 7-11-1986 पृष्ठ 3435 3437 पर।

(6) सा.का.नि. 175 तारीख 2-3-87 पृष्ठ 1-2 पर।

New Delhi, the 9th July, 1987

G.S.R. 568.—In exercise of the powers conferred by sub-sectio n(1), read with clause (b) of sub-section (2) of section 20 of the Coconut Development Board Act, 1979 (5 of 1979), the Coconut Development Board with the previous sanction of the Central Government, hereby makes the following regulations further to amend the Coconut Development Board Recruitment Regulations, 1984, namely :—

1. (1) These regulations may be called the Coconut Development Board Recruitment (Amendment) Regulations, 1987.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Coconut Development Board Recruitment Regulations, 1984, against serial number 16A relating to the post of Senior Personal Assistant,—

(A) for the entry in column 4, the following entry shall be substituted namely :—

Rs. 1640-60-2600-EB-75-2900".;

(B) for the entry in column 10, the following entry shall be substituted, namely :—

"By promotion, failing which, by transfer on deputation" ;

(C) for the entry in column 11, the following entry shall be substituted, namely :—

"Promotion :

Stenographers (Grade-I) in the scale of Rs. 1400-40-1800-EB-50-2300 with five years regular service in the grade.

Transfer on deputation :

Officers of the Central Government/State Government/universities/recognised research institutions/public sector undertakings, semi-government and autonomous organisations,—

(a)(i) holding analogous posts on a regular basis; or

(ii) with 5 years' regular service in the scale of Rs. 1400—2300 or equivalent ; or

(iii) with 10 years' regular service in the scale of Rs. 1200—2040 or equivalent; and

(b) possessing a speed of 100 words per minute in stenography (English).

(Period of deputation, including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organization/department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years.".

[No. 14-38/86-CAI]

T. C. SUD, Desk Officer

NOTE :—*The principal regulations were published in the* Gazette of India, Part II, Section 3, sub-section (i) dated 10-1-1984 at pages 1—29 vide Notification of the Government of India in the Ministry of Agri-

culture No. GSR 13(E) dated 10-1-1984 and were subsequently amended by :-

(i) G.S.R. 625 dated 8-6-1984 at pages 1502—1504,
(ii) G.S.R. 1042 dated 6-9-1984 at page 2576
(iii) G.S.R. 10 dated 5-1-1985 at pages 26—34,
(iv) G.S.R. 727 dated 3-8-1985 at pages 1879—1882,
(v) G.S.R. 1019 dated 7-11-1986 at pages 3435—3437, and
(vi) G.S.R. 175 dated 2-3-87 at pages 1-2

ऊर्जा मंत्रालय

(विद्युत विभाग)

(केन्द्रीय विद्युत बोर्ड)

नई दिल्ली, 8 जुलाई, 1987

सा० का० नि० 569 —भारतीय विद्युत नियम, 1956 का और संशोधन करने के लिए कतिपय नियमों का निम्नलिखित प्रारूप, जिसे केन्द्रीय सरकार, भारतीय विद्युत अधिनियम, 1910 (1910 का 9) की धारा 37 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बनाना चाहती है, उक्त अधिनियम की धारा 38 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार ऐसे सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है और इसके द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप नियमों पर इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तीन मास के अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा।

किन्हीं ऐसे आक्षेपों या सुझावों पर, जो पूर्वोक्त अवधि की समाप्ति से पहले उक्त प्रारूप नियमों की बाबत किसी व्यक्ति से प्राप्त होंगे, केन्द्रीय विद्युत बोर्ड विचार करेगी।

आक्षेप या सुझाव यदि कोई हो, सचिव केन्द्रीय विद्युत बोर्ड एस–907 सेवा भवन, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली–110066 को भेजे जाये।

प्रारूप–नियम

1. इन नियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय विद्युत (संशोधन) नियमावली, 1987 है।

2. भारतीय विद्युत नियम, 1956 में उपाबन्ध VI के भाग–I के लिए निम्नलिखित भाग–I रखा जाएगा, अर्थात् —

उपाबन्ध –VI

भाग–I

1. साधारण (i) नाम–प्रदाय की इन शर्तों को ----- के द्वारा विद्युत ऊर्जा प्रदाय के लिए निबंधन और शर्तें कहा जाएगा।

(ii) परिभाषाएं —

(क) "संविदा मांग" से अभिप्रेत है कि यथास्थिति अधिकतम किलोवाट (के० डब्ल्यू) या किलो वोल्ट एम्पीयर (के०वी०ए०) जिसके लिये प्रदायकर्ता द्वारा प्रदाय करने के लिए करार किया गया हो और उपभोक्ता द्वारा संविदा की गई हो,

(ख) "संबद्ध भार" से अभिप्रेत है कि सभी प्रकार के उपकरण जिनमें उपभोक्ता के परिसर पर वहनीय उपकरण भी सम्मिलित है, विनिर्माता द्वारा विनिर्धारित किये गये अनुमत का सकल योग है। इसे, यथास्थिति, के० वी० ए०, के डब्ल्यू या अश्व शक्ति (अ०श०) में व्यक्त किया जायेगा,

(ग) "उपभोक्ता कृत संस्थापन" से संपूर्ण विद्युत संस्थापन अभिप्रेत है जिसमें विद्युततार साजसामान मोटर और यन्त्र साधित्र सम्मिलित है जो उपभोक्ता द्वारा या उसकी ओर से उसके परिसर पर उत्थापित तथा लगाई गई वैद्युत तारें साजसामान, मोटर तथा उपकरण समेत समग्र वैद्युत प्रतिष्ठापन।

(घ) "प्रदाय आरम्भ करने की तारीख" से अभिप्रेत है कि प्रदायकर्ता द्वारा उपभोक्ता को विद्युत उपलब्धता की सूचना जारी करने की तारीख से या किसी उपभोक्ता द्वारा प्रदाय का वास्तविक उपयोग करने की तारीख, इनमें जो भी पूर्वतर हो' दो मास की अवधि की समाप्ति की तारीख से ठीक अगली तारीख,

(ङ) "प्रस्तुत करने की तारीख" से प्रदायकर्ता द्वारा कोई बिल प्रस्तुत किये जाने की तारीख के पश्चात् दूसरा दिन, अभिप्रेत है,

(च) "बिलों की संदाय की तारीख" से वह तारीख अभिप्रेत है जो प्रदायकर्ता की टैरिफ अनुसूची में परिभाषित की जाये या वह तारीख जो बिल पर उपदर्शित हो,

(छ) "मास" से अभिप्रेत है कलेन्डर मास या वह अवधि जो किसी विशिष्ट मास में मीटर वाचन तारीख और ठीक पूर्ववर्ती या उत्तरवर्ती मास की तत्स्थानी मीटर वाचन तारीख के बीच पड़ती हो, जैसा कि संदर्भ के अनुसार अपेक्षित हो,

(ज) "शक्ति गुणन खंड" से निम्नलिखित अभिप्रेत है, अर्थात् —

(क) एक कलीय परिपथ में किलोवाट में किलोवोल्ट का अनुपात–एम्पीयर में, और

(ख) त्री कलीय परिपथ में—कुल किलोवाट का कुल समतुल्य किलो वोल्ट का अनुपात– एम्पीयर में

(झ) 'औसत शक्ति गुणन खण्ड' से ऐसा औसत शक्ति गुणन खण्ड अभिप्रेत होगा जो किसी मास के दौरान उपभोक्ता – भार के विस्तार और काल में हुये परिवर्तनों से उत्पन्न होता है और उसके मूल्य का शुद्धिकरण निकटतम प्रतिशत अंक तक किया गया हो। इसकी संगणना उसी अवधि के दौरान किलोवाट घंटा मीटर और रिएक्टिव

किलोवोल्ट एम्पियर घंटा मीटर के रजिस्ट्रीकरण से किया जायेगा जिसका उपबन्ध जब कभी आवश्यक पाया जाये प्रदायकर्ता द्वारा किया जायेगा ।

(ब) उन सभी पदों के, जो इसमें प्रयुक्त हैं और विशेषरूप से परिभाषित नहीं हैं किन्तु भारतीय विद्युत अधिनियम, 1910 या विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 या तद्धीन बनाये गये नियमों के अधीन परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे जो उनके उन अधिनियमों और नियमों में हैं और यदि उक्त अधिनियमों और नियमों में नहीं दिये गये हैं तो इन पदों के यही अर्थ होंगे जो साधारण – खंड अधिनियम, 1897 में है अथवा यदि उसमें भी नहीं हैं तो उनके वही अर्थ होंगे जो विद्युत–प्रदाय उद्योग में सामान्य रूप से समझे जाते हैं ।

2 प्रदाय की प्रणाली :— उर्जा का प्रदाय निम्न प्रणाली से किया जायेगा, अर्थात् :—

(i) निम्न वोल्टता – डी०सी०दोतार या ए० सी० एक कलीय 50 हर्टस;

(ii) मध्यम वोल्टता डी०सी०तीन तार या ए०सी० तीन कलीय, 50 हर्टस;

(iii) उच्च वोल्टता – ए.सी; , तीन कलीय, 50 हर्टस् ।

3 संस्थापनों का वर्गीकरण :– (1) ए०सी० प्रणाली (क) दो तार एक कलीय 240 वोल्ट –

(i) साधारण प्रदाय अधिक से अधिक 20 एम्पियर;

(ii) प्रचालक शक्ति संस्थापन कुल 1.5 कि० वा०तक

(ख) चार तार, तीन कलीय, कलीय तारों और न्यूट्रल के बीच 240 वोल्ट, साधारण प्रदाय 20 ऐम्पीयर से अधिक ।

(ग) तीन तार, तीन कलीय, कलाओं के बीच 1.5 कि०वा० से अधिक के चालक शक्ति संस्थापन ।

(iii) डी०सी०प्रणाली –

(क) दो तार 220 वोल्ट –

(i) साधारण प्रदाय अधिक से अधिक 10 ऐम्पियर ;

(ii) चालक शक्ति संस्थापन कुल 0.75 कि०वा० तक ।

(ख) तीन तार 440 वोल्ट वाह्यों के बीच प्रचालक शक्ति संस्थान 0.75 कि०वा से अधिक ।

4. प्रदाय के लिये अध्यपेक्षा और करार :– विद्युत्ऊर्जा के प्रदाय या अतिरिक्त प्रदाय के लिये अध्यपेक्षा और करार इससे संलग्न फार्म (परिशिष्ट-क) में प्रदायकर्ता के स्थानीय कार्यालय में किया जायेगा। अध्यपेक्षा पर उस परिसर के जिसके लिये प्रदाय अपेक्षित है, स्वामी या अधिभोगी द्वारा हस्ताक्षर किये जायेंगे। फार्म को भरने के लिये अपेक्षित कोई सहायता या राय आवेदक को प्रदायकर्ता के स्थानीय कार्यालय में दी जायेगी ।

5. संयोजन से पूर्व सूचना :— आशायित उपभोक्ता विभिन्न प्रवर्ग के प्रदायों के लिये प्रदायकर्ता द्वारा यथाविनिर्दिष्ट सूचना देगा ।

6. सेवा मीटर आदि की स्थिति नियत करने के लिये सूचना :—प्रदाय के लिये अध्यपेक्षा की प्राप्ति पर प्रदायकर्ता द्वारा आवेदक को या उसकी ओर से कार्य कर रहे ठेकेदार को पूरे सात दिन की सूचना दी जायेगी जिसमे कि उसका प्रतिनिधि परिसरों का निरीक्षण करने और प्रदाय मुख्य तारों के प्रवेश का स्थान नियत करने और मुख्य तारों, कट-आउटों या परिपथ-नियोजकों और मीटरों की स्थिति नियत करने के प्रयोजन के लिये प्रदायकर्ता के इंजीनियर से मिले। प्रदायकर्ता किसी भी दशा में मीटरों और मुख्य कटआउटों को ऐसी स्थिति में नही लगायेगा। और नहीं रहने देगा जिससे उसके कर्मचारी परदे में या धार्मिक स्थानों में प्रवेश करें ।

7. सेवा लाइनें बिछाने के लिये कोटेशन आदि:—(क) ऊपर शर्त संख्या-6 में यथाउपबंधित सेवा के लिये स्थान पर सहमति हो जाने पर, प्रदायकर्ता आवेदक को उसके पश्चात संकर्म निष्पादित करने की लागत का प्राक्कलन प्रस्तुत करेगा। प्राक्कलन स्वीकार कर लिये जाने पर आवेदक से यह अपेक्षा की जायेगी कि वह सेवा लगाये जाने से पूर्व प्रदायकर्ता के पास प्राक्कलन की रकम जमा कराये। सम्यक् रूप से निक्षेप किये जाने पर, कार्य को हाथ में लेने के आदेश जारी किये जायेंगे और इस प्रकार जमा की गई रकम यदि आवश्यक हो तो, सेवा लाइन की वास्तविक लागत के आंकड़े संकलित किए जाने के बाद में समायोजित की जायेगी। अन्य बातें समान हों तो सेवा लाइनें यथासंभव निक्षेप धन की प्राप्ति की तारीखों के क्रम में लगाई जायेंगी ।

टिप्पण : सेवा लाइन, इस बात के होने हुए भी कि लागत के एक भाग का संदाय उपभोक्ता द्वारा किया जा चुका है, प्रदायकर्ता की संपत्ति रहेगी जिसके द्वारा उसका अनुरक्षण किया जायेगा ।

(ख) यदि उपभोक्ता विद्यमान सेवा लाइन की स्थिति में परिवर्तन चाहता है तो प्रदायकर्ता यह कार्य निष्पादित करेगा और उपभोक्ता पर प्रयुक्त अतिरिक्त सामग्री की ओर नियोजित श्रमिकों की लागत जो श्रम के लागत के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा, पर्यवेक्षक प्रभार प्रभारित करेगा ।

(ग) अस्थायी प्रदीपन के लिये सेवा लाइनें, जहां संभव हों प्रदायकर्ता द्वारा लगाई जायेंगी। और ऐसी सेवा लाइनों, को लगाने और हटाने में उपगत खर्च, जो ऊपर खंड (ख) में अधिकथित रूप में अवधारित किया जायेगा, उपभोक्ता द्वारा संदत्त किया जायेगा ।

(घ) जहां सेवा लाइनों की लागत या सेवा लाइन परिवर्तन करने के बारे में कोई मतभेद या विवाद उत्पन्न होता है वहां के लिये मामला विद्युत् निरीक्षक को निर्देशित किया जायेगा और उसके द्वारा विनिश्चित किया जायेगा।

(ङ) जो उपभोक्ता उच्च वोल्टता प्रदाय की अपेक्षा करता है उसे प्रदायकर्ता के मीटर उपस्कर को लगाने के प्रयोजन के लिये अपने खर्चे पर एक सहमत डिजाइन का ताला बन्द और मौसमसह अहाते की व्यवस्था और उसका अनुरक्षण करना होगा।

8. सेवा लाइनें:—प्रदायकर्ता उस संपत्ति की सीमाओं से बाहर जिसकी बाबत अध्यपेक्षा की गई है अपने निकटतम वितरण मुख्य तार से 30 मीटर सेवा लाइन निःशुल्क लगायेगा। ऊपर परिभाषित रूप में 30 मीटर से अधिक किसी भी लंबाई की ओर उस संपत्ति की सीमाओं के भीतर जिसकी बाबत आवेदन किया गया है संपूर्ण सेवा लाइन के लिये संदाय आवेदक द्वारा किया जायेगा। किंतु ऊपर उल्लिखित लागत में प्रयुक्त 30 मीटर से परे ऐसे खम्भों और फिटिंगों की अनुपातिक लागत सम्मिलि नहीं होगी। ऐसे खंभों और फटिंगों की आनुपातिक लागत उसी अनुपात में होगी जो अनुपात सेवा के टेप-आफ स्थल और सेवा लाइन के दूसरे आलंब से 30 मीटर परे लाइन की लंबाई का 30 मीटर से है।

मुख्य कटआउट या फ्यूज प्रदायकर्ता द्वारा उपभोक्ता के लिये निःशुल्क अन्तःस्थापित और सीलबंद किये जायेंगे।

9. उपभोक्ता द्वारा दी जाने वाली प्रसुविधाएं :—उपभोक्ता यदि अपेक्षित हों, बिना लागत के आवश्यक स्थान का उपबंध करेगा और उपभोक्ता की सेवा के लिये प्रदायकर्ता की प्रणाली से केबल और सिरोपरि लाइन लाने के लिये समुचित प्रसुविधायें प्रदान करेगा। प्रदायकर्ता को यह अधिकार होगा कि वह उपभोक्ता द्वारा उपबंधित स्थान का उपयोग पड़ोस के अन्य परिसरों तक प्रदाय का विचार करने के लिये कर सकेगा। यदि उससे उपभोक्ता को प्रदाय प्रभावित नहीं होता है।

10. उपभोक्ता द्वारा हस्तक्षेप :—मीटर बोर्डों, मुख्य-आउटों आदि को किसी भी दशा में किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा छेड़ा या हटाया नहीं जाना चाहिये जो प्रदायकर्ता के नियोजन में नहीं है। प्रत्येक उपभोक्ता, प्रदायकर्ता को किसी नुकसानी की या मुख्यतः यन्त्र या उपकरण या प्रदायकर्ता की किसी अन्य संपत्ति को कारित नुकसानी जो उपभोक्ता के परिसर में उपभोक्ता के या उसके संबंधियों या उसके द्वारा नियोजित व्यक्तियों की किसी कार्य उपेक्षा या चूक के कारण हुई हो, पूरा करने की लागत की प्रतिपूर्ति करेगा।

11. उपभोक्ता के परिसर के तार लगाना :—(i) उपभोक्ता और साधारण जनता के संरक्षण के लिये यह आवश्यक है कि उपभोक्ता के परिसर में लगाये गये तार भारतीय विद्युत् नियमों और विद्युत् संसाधनों में तार लगाने के कार्य के लिये भारतीय मानक संस्था द्वारा विहित की गई सुसंगत संहिता के अनुरूप हो। ज्यों ही उपभोक्ता का संस्थापन सर्वप्रकार से पूरा हो जाये और उपभोक्ता के ठेकेदार द्वारा उसका परीक्षण कर लिया जाये त्यों ही उपभोक्ता तार लगाने वाले ठेकेदार को पूरा होने और परीक्षण की रिपोर्ट प्रदायकर्ता को प्रस्तुत करेगा। इस प्रयोजन के लिये प्रारूप का प्रदाय प्रदायकर्ता द्वारा किया जायेगा। यह महत्वपूर्ण है कि उसमें दी गई शर्तों का पूर्ण रूप से पालन किया जाये, क्योंकि अन्यथा प्रदाय अभिप्राप्त करने में विलम्ब होगा।

(ii) ऊपर दिये गये अनुबंधों के अधीन रखते हुए निम्नलिखित उपबंधों के अनुरूप तार लगाया जाना चाहिये :—

(क) मुख्यतार—मुख्यतार उपभोक्ता के मुख्यतार सभी दशाओं में प्रदायकर्ता के प्रदाय स्थल तक वापस लाये जायेंगे और प्रदायकर्ता के यंत्र से संयोजित करने के लिये पर्याप्त केबिल की व्यवस्था की जायेगी।

(ख) स्विच और फ्यूज—उपभोक्ता परिपथ विच्छेदक या जुड़े हुये दूत नियोजन मुख्य स्विच लगायेगा जो न्यूट्रल चालक को छोड़कर प्रत्येक चालक पर एकल ध्रुव फ्यूज के साथ यथासंभव प्रदायकर्ता के मीटर बोर्ड के निकट नियत किया जायेगा।

(ग) संस्थापन का संतुलन—यदि किसी संस्थापन का संयोजित भार 3000 वाट से अधिक हो तो संस्थापन में तार समूह व्यवस्था के आधार पर लगाये जायेंगे। एक अनुमोदित प्रकार का दोहरा जुड़ा हुआ स्विच प्रत्येक मुख्य परिपथ को नियंत्रित करेगा। संस्थापन में बत्तियों, पंखों या अन्य यंत्रों को इस प्रकार समूह बद्ध किया जायेगा कि प्रसामान्य कार्यकरण दशाओं में करेंट संतुलित रहेगा।

(घ) मध्यम वोल्टता प्रदाय—मध्यम वोल्टता प्रदाय में अर्थात्, 250 वोल्ट से ऊपर और 650 वोल्ट तक में प्रदायकर्ता का मीटर और सेवा कटआउट सागवान की लकड़ी के एक मजबूत बक्स में धात्विक बक्से से आवेष्टित होंगे जिसे उपयुक्त रूप से संवातित किया जायेगा और उपभोक्ता के खर्चे पर उसमें एक छपका कुंडा और ताला लगाया जायेगा। ऐसे सभी तार जिनके बीच 250 वोल्ट से अधिक विभव का अन्तर विद्यमान है, अप्राधिकृत व्यक्तियों की पहुंच के बाहर किये जायेंगे या एक भूसम्पर्कित धात्विक केस या कंड्यूइट में परिवेष्टित किये जायेंगे। एक चेतावनी बोर्ड उसमें लगाया जायेगा, जो हिन्दी या अंग्रेजी और जिले की स्थानीय भाषा में लिखा हुआ होगा।

(ङ) शिरोपरि मुख्यतार—प्राइवेट संपत्ति पर लंबी भूमिगत सेवा के व्यय से बचने के लिये उपभोक्ता,

प्रदायकर्ता के अनुमोदन से अपनी संपत्ति के उस प्रभाग पर खंभा पारिनिर्मित कर सकेगा, जो प्रदायकर्ता के प्रक्षेप की मुख्य तारों के निकटतम है और जिनमें सेवा लगाई जायेगी और जिनसे से उपभोक्ता शिरोपरि मुख्य तारों को अपने परिसर तक ले जायेगा। यह शिरोपरि मुख्य तार उसके संस्थापन का एक प्रभाग होंगे और समय-समय पर प्रवृत्त भारतीय विद्युत् नियमों के अनुपालन में लगाये जायेंगे। यदि उपभोक्ता चाहे तो वह अपने संस्थापन के लिये अतिरिक्त संरक्षण के रूप में शिरोपरि लाइन के प्रारम्भ पर अपने खर्चे पर एक दक्ष चौक कुंडली और तड़ित निरोधक लगा सकेगा।

(च) भू-सम्पर्कन के प्रयोजनों के लिये गैस पाइपों और जल पाइपों का किसी भी दशा में प्रयोग नहीं किया जायेगा।

(छ) घरेलू तापन और कुकिंग—यदि अपेक्षित हो एक विशेष परिपथ तापन और कुकिंग के लिये प्रदायकर्ता के प्रदाय स्थल से लगाया जायेगा। इन परिपथों पर प्रयुक्त दीवार प्लग 3 पिन प्रकार के होंगे, तीसरा पिन एक भूसंपर्कन संयोजन होगा। दोहरे प्लग या लड़ित परिपथ अनुज्ञात नहीं किये जायेंगे। स्नान-कक्ष में तापन या धुलाई के प्रयोजनों के लिये या किसी नमी वाले स्थान में सभी यंत्र प्रभावी रूप से भू-संपर्कित किये जाने चाहिये।

(ज) प्लग—सभी प्लग विद्युन्मय तार पर, न कि न्यूट्रल तार पर, स्विच आन किये जायेंगे।

(झ) तार लगाना—लोह कंड्यूट में एकल लैड पृथक रूप में लगाने की अनुज्ञा नहीं दी जायेगी।

(ञ) ए.पी. मोटर संस्थापन—मोटरों में नियंत्रण गियर लगाया जायेगा जिससे कि सभी संभव दशाओं में किसी भी समय निम्न अनुसूची में दी गई सीमाओं से अधिक उपभोक्ता के संस्थापन से अधिकतम करेंट की मांग को समाधानप्रद रूप से रोका जाये। इन विनियमों का अनुपालन करने में असफल होने पर उपभोक्ता को अन्य उपभोक्ताओं के प्रदाय में हस्तक्षेप के कारण प्रदाय वियोजित किया जा सकेगा।

प्रदाय की प्रवृत्ति	संस्थापन का आकार	मांगे गये करेंट की अधिकतम सीमा
1	2	3
एक कला	1.5 कि. वाट तक जिसमें 1.5 कि वाट सम्मिलित है।	पूर्णभार करेंट का छ गुना।
तीन कला	2.00 कि. वाट से अधिक पूर्णभार करेंट का ए जिसमें 2.00 कि वा. भी सम्मिलित है।	गुना।
1	2	3
	2.00 कि.वाट से अधिक और 11.00 कि वा तक जिसमें 11.00 कि.वा भी सम्मिलित है।	पूर्णभार करेंट का डुगुना।
	11 कि. वा. से अधिक और 75 कि. वा. तक जिसमें 75 कि. वा. भी सम्मिलित है	पूर्णभार करेंट का डेढ गुना
	75 कि. वा. से अधिक	पूर्ण भार करेंट का सवा गुना

मोटर परिपथ तीन ध्रुव जुड़े हुए स्विच द्वारा नियंत्रित किए जाएंगे, जिसमें कोई वोल्ट उन्मोचन नहीं और टी. पी. फ्यूजो (या अभिभार उन्मोचन) द्वारा संरक्षित किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण है कि उन्मोचन पूर्ण कार्यकरण अवस्था में बनाए रखे जाने चाहिए। मध्यम वोल्टता मोटरों के लिए तार एकल धात्विक कंड्यूईट में सभी तीन कला तारों के गुच्छे सहित लगाई जाएगी, जिसे दक्षतापूर्वक संयंत्र भूसम्पर्कित किया जाएगा और मोटर के फ्रेम से संयोजित किया जाएगा जिससे दो पृथक भूसम्पर्कन तार लगाए जाएंगे। अनुज्ञात भू—सम्पर्कन तार का न्यूनतम साईज लगाने के लिए 1.5 एम एम. और एल्यूमिनियम के लिए 2.5 एम एम^2 किन्तु मध्यम वोल्टता संस्थापनों के लिए ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जिन्हें निरीक्षक अधिरोपित करने योग्य ठीक समझे दृढ़ अधात्विक कंड्यूट जो सुसंगत भारतीय मानकों के अनुरूप हो का प्रयोग किया जा सकेगा। सभी मोटरें सब प्रकार के समय-समय पर प्रवृत्त भारतीय नियमों का अनुपालन करेंगी। 1.5 कि. वा. से ऊपर की मोटरें तीन कला, कलाओं के बीच 415 वोल्ट के लिए कुंडलित की जाएगी;

आशायित उपभोक्ता को सलाह दी जाती है कि वे अपनी मोटरों के लिए आदेश देने से पूर्व इंजीनियर या प्रदायकर्त्ता से परामर्श कर ले, क्योंकि कुछ मामलों में अवस्थित और दशाओं के अनुसार प्रवर्तन करेंट सीमा को शिथिल करना साध्य हो सकता है।

(ख) अधिकतम भार की, जिसे प्रदायकर्त्ता के मुख्य तार से संयोजित किया जा सकता है, संबंध में प्रदायकर्त्ता द्वारा अधिकथित अपेक्षाएं पूरनी चाहिए। ये अपेक्षाएं प्रणाली क्षमता, वोल्टता स्तर स्थानीय परिस्थितियां और सम्बद्ध बातों से संबंधित हैं। जहां प्रदाय का उपभोग 3 कला भार किया जाता है वहां एक कला भार को इस रीति से समूहबद्ध करके तार लगाना चाहिए कि तीन कलाओं को संतुलित रीति से भारित किया जा सके तथा सामान्य कार्यकरण परिस्थिति में न्यूट्रेल करेंट से बचा जा सके। किसी भी दशा में तीन कला प्रणाली में संयुक्त एक कला भार को यूनिट क्षमता आबंटित शक्ति के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(ख) संस्थापन का शक्ति गुणाक : सामान्य कार्यकरण भार पर यंत्र का शक्ति गुणाक 85 प्रितिशत से कम नहीं होगा। प्रेरणी मोटर और वोन्डिग ट्रासफार्मर का प्रयोग करने वाला प्रत्येक उपभोक्ता ऐसे अनुमताकों वाले शन्ट संधारित संस्थापित करेगा जो प्रदायकर्ता द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए। नए उपभोक्ता को जिनके पास प्रेरणी विद्युत भार है, प्रदाय तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक वे विनिर्दिष्ट अनुमतांक वाले शन्ट संधारित संस्थापित नहीं कर लेते।

विद्यमान उपभोक्ता द्वारा ऐसे समय के भीतर जो प्रदायकर्ता नियत करे। अपेक्षित अनुमतांक वाले शन्ट संधारित्र के संस्थापित करने में असफल रहने की दशा में, प्रदयाकर्ता को अपनी लागत पर संधारित प्रतिस्थापित करने का और उपभोक्ता से लागत/प्रभार वसूल करने या ऐसे अधिभार, जो समय-समय पर प्रदायकर्ता द्वारा नियत किए जाएं उदग्रहीत करने का अधिकार होगा।

12. उपभोक्ता के परिसर में यंत्र :

(क) उपभोक्ता के सभी ट्रांसफार्मर, स्विचगीयर, और अन्य विद्युत उपस्कर जो प्रदायकर्ता के मुख्य तारों से संयोजित है के युक्तियुक्त समाधान रूप में बनाए रखे जाएगे। नियंत्रकारी उपस्कर भारतीय विद्युत नियत 1956 के नियम 50 के अनुरूप होंगे।

(ख) निम्न और मध्यम वोल्टता उपभोक्ता:—
निम्न और मध्यम वोल्टता उपभोक्ताओं की दशा में उपभोक्ता सभी हालत में जुड़े हुए व्रत वियोजन स्विचों और मेन फ्यूज का भूमि न्यूट्रल से भिन्न प्रत्येक ध्रुव पर उपबंध करेगा जो प्रदायकर्ता के मीटर बोर्ड से एक मीटर के भीतर या ऐसे स्थान पर जो प्रदायकर्ता द्वारा अनुमोदित किया जाए खड़ा किया जाएगा।

(ग) उच्च वोल्टता उपभोक्ता—उच्च वोल्टता उपभोक्ताओं की दशा में :—

(i) 1000 के.वी.ए. से नीचे के भार के लिए प्रदाय के आरंभ होने के बिन्दु के पश्चात उपभोक्ता प्रदाय को पूर्णत : अपने संस्थापन में पृथक करने के लिए फ्यूज सहित समुचित जुड़े हुए स्विच या एक आवश्यक क्षमता वाला परिपथ विच्छेदक का उपबंध करेगा।

(ii) 100 के.वी.ए. भार के लिए और उससे अधिक 3000 के वी. ए तक भार के लिए उपभोक्ता परिपथ विच्छेदक या उपयुक्त उपाय जिसमें विहित ग्रेड और क्वालिटी का उच्च संविदारण क्षमता फयूज हो और जो एक समय में सभी कलाओं में जाने के उपाय से युक्त हो, का उपबंध करेगा।

(iii) अन्य सभी दशाओं में प्रदाय के भाग में उपयुक्त परिपथ विच्छेदक संस्थापित किए जाएंगे जिन में स्वाचलित अतिभार संरक्षक उपाय इस प्रकार समायोजित होंगे कि वे प्रदायकर्ता के अन्तस्थ कक्षिका में अतिभार संरक्षण उपाय के सक्रिय होने से पहले सघाति हो जाए और इसके आगे उनमें पर्याप्त संविदारण क्षमता, जिससे प्रदायकर्ता विनिर्दिष्ट करेगा, होनी चाहिए कि वे लघुपथ परिस्थितियों के अधीन उपभोक्ता के संस्थापन का संरक्षण कर सकें।

13. प्रदायकर्ता द्वारा संस्थापन के परीक्षण की प्रक्रिया और फीस :

(क) परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रदायकर्ता आवेदक को वह समय और दिन सूचित करेगा जब प्रदायकर्ता के प्रतिनिधि द्वारा संस्थापन का निरीक्षण और परीक्षण किए जाने का प्रस्ताव है। तब आवेदक का यह कर्त्तव्य होगा कि वह यह व्यवस्था करें कि उस तार लगाने वाले ठेकेदार का जो उसके द्वारा नियोजित किया गया है, प्रतिनिधि निरीक्षण के समय उपस्थित रहे जिससे कि वह प्रदायकर्ता के प्रतिनिधि को ऐसी जानकारी दे जिसकी संस्थापन के संबंध में उसके द्वारा अपेक्षा की जाए।

(ख) कोई भी संयोजन तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि उपभोक्ता के संस्थापन का प्रदाय कर्ता द्वारा निरीक्षण और परीक्षण न कर लिया गया हो और वह संतोषजनक न पाया गया हो। प्रदायकर्ता द्वारा किए गए पहले परीक्षण के लिए कोई प्रभार नहीं लिया जायेगा, किन्तु पहले परीक्षण के प्रकट हुए दोषों के कारण पश्चातवर्ती परीक्षणों के लिए प्रदायकर्ता द्वारा समय समय पर नियत किए गए प्रभार के अनुसार प्रभार लिया जाएगा।

(ग) संस्थापन का विद्युतरोधन परीक्षण करने से पूर्व तार लगाना सभी प्रकार से पूरा किया जाना चाहिए। परीक्षण किए जाने से पूर्व सभी फिटिंग चाहे दीप्ति लैम्प, पंखे, मोटरें, तापन, कुकिंग या अन्य उपकरण चालकों से संयोजित किए जाने चाहिए और सभी फ्यूज यथास्थान होने चाहिए और सभी स्विच "आन" स्थिति में किए हुए होने चाहिए। अस्थायी तार या फिटिंग या निष्क्रिय सिरे संस्थापन में सम्मिलित नहीं किए जाने चाहिए और संकर्म के किसी भी भाग को अपूर्ण नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

(घ) निम्न और मध्यम वोल्टता संस्थापन :

(1) संस्थापन के प्रत्येक सजीव चालक और "भू-संपर्कन" के बीच 500 वोल्ट का दाब लगाया

जाएगा और एक मिनट के विद्युतीकरण के पश्चात "भू संपर्कन" के प्रति निम्नतम संस्थापन प्रतिरोधक एक मैग वाहक होगा ।

(2) खम्भों के बीच परीक्षण "भू-संपर्कन" के परिणाम से कम से कम आधा परिणाम देगा ।

(ङ) उच्च वोल्टता संस्थापन :

संस्थापन के प्रत्येक सजीव चालक और भूसंपर्कन के बीच 1000 वोल्ट का दाब लगाया जायगा और एक मिनट के विद्युतीकरण के पश्चात "भू-संपर्कन" के प्रति संस्थापन प्रतिरोध संस्थापन/यंत्र को लागू सुसंगत भारतीय मानक के अनुसार होगा । जहां आवश्यक हो, विनिर्दिष्ट यंत्र का परीक्षण जैसे ट्रांसफार्मरों के लिए बी.आई. मूल्य अवधारण पूरा किया जायगा ।

14. विस्तार और परिवर्तन :

यदि उपभोक्ता, ऊर्जा का प्रदाय प्रारंभ किए जाने के पश्चात किसी समय ठेकाकृत भार में वृद्धि की अपेक्षा प्रदायकर्ता और उपभोक्ता के बीच ऊर्जा प्रदाय के लिए किए गए करार में जैसा उपबंधित है उसके अनुसार करता है तो उपभोक्ता प्रदायकर्ता को लिखित सूचना देगा । प्रदायकर्ता के द्वारा बढ़ाए गए भार को पूरा करने के लिए सहमत हो जाने के पश्चात उपभोक्ता अपने परिसर में भीतरी तार लाइनों के विस्तार करने और/या उसमें परिवर्तन करने के काम को अपने हाथ में लेगा । ऐसे समय के दौरान जब विस्तार और/या परिवर्तन किया जा रहा हो, विस्तृत या परिवर्तित किए जा रहे परिपथों को विद्युत प्रदाय उपभोक्ता द्वारा पूर्णतः असम्बद्ध कर दिया जायेगा और तब तक वह इस प्रकार विछिन्न रहेगा जब तक ऐसे विस्तार और/या परिवर्तन का परीक्षण और अनुमोदन प्रदायकर्ता नहीं कर लेता विस्तार और/या परिवर्तन के संकर्म के पूरा हो जाने पर उपभोक्ता अपने तार लगाने वाले ठेकेदार की परीक्षण रिपोर्ट प्रदायकर्ता को भेज देगा जिसका प्रतिनिधि उपभोक्ता के परिसर पर जाएगा और निरीक्षण करेगा और यदि समाधानप्रद पाया गया तो विस्तार और/या परिवर्तनों का अनुमोदन करेगा तथा जहां आवश्यक हो वहां मीटरों फ्यूजों और सेवा लाइनों का परिवर्तन करेगा ।

यदि किसी समय प्रदायकर्ता द्वारा ऐसा देखा जाता है कि उपभोक्ता ने प्रदायकर्ता के लिखित पूर्वानुमोदन के बिना अपने संस्थापन में विस्तार और/या परिवर्तन करना आरंभ कर दिया है तो प्रदायकर्ता उपभोक्ता के संस्थापन के विद्युत प्रदाय को संक्षेपतः विच्छिन्न कर देगा ।

टिप्पण : एक कलीय प्रदाय प्राप्त करने वाले उपभोक्ता की दशा में संस्थापन में कोई परिवर्धन या परिवर्तन, प्रदायकर्ता को इस प्रभाव की सूचना देने के पश्चात किया जा सकेगा । उपयुक्त खंड के अन्य उपबंध लागू नहीं होंगे ।

15. प्रदाय की असफलता :

(क) (1) प्रदायकर्ता, उपभोक्ता को विद्युत प्रदाय की निरंतरता को सुनिश्चित करने के लिए युक्तियुक्त पूर्वाधानियां बरतेगा किन्तु वह विद्युत के प्रदाय असफलता के कारण जो ऐसे कारणों से हों जिसमें युद्ध, विद्रोह, बलवें, भूकम्प, चक्रवात, आंधी, हड़ताल, सिविल अशांति, तालाबंदी, बिजली, बाढ़, अग्नि दुर्घटना या प्रदायकर्ता के संयंत्र और मशीनरी के टूटने के कारण भी सम्मिलित है, किन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं है, उसको हुई किसी हानि या उसके संयंत्र या उपस्कर को हुई नुकसानी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा ।

(2) प्रदायकर्ता परीक्षण करने के कारण या बहिरंग (कामबंदी) या अनुरक्षण, उपक्रम की दक्षतापूर्ण कार्यकरण के लिए या किसी अन्य कारण के लिए प्रदाय को उस अवधि के लिए जितनी आवश्यक हो, अस्थाई रूप से बन्द कर सकेगा । किन्तु प्रदायकर्ता जहां कहीं संभव हो, उपभोक्ता को न्यूनतम असुविधा होने के उद्देश्य से इस निमित्त अग्रिम सूचना देने का प्रयास करेगा ।

(ख) यदि किसी समय प्रदायकर्ता का मुख्य सेवा फ्यूज उड़ जाता है तो उसकी सूचना प्रदायकर्ता के निकटतम सेवा केन्द्र को भेजी जानी चाहिए । केवल प्राधिकृत कर्मचारियों को ही प्रदायकर्ता के कट आउटों में इन फ्यूजों को बदलने की अनुज्ञा है । उपभोक्ताओं को इन फ्यूजों को बदलने की अनुज्ञा नहीं है और उनके ऐसा करने की दशा में वे शास्ति के लिए दायी होंगे । यदि प्रदाय की असफलता प्रदायकर्ता के यंत्र से भिन्न किसी अन्य कारण से होती है तो उपभोक्ताओं से तत्समय प्रवृत्त सेवा और प्रकीर्ण प्रभारों की अनुसूची के अनुसार फ्यूजमेन के सेवा प्रभार प्रभावी होंगे ।

16. परिसर और यंत्रों तक पहुंच :

प्रदायकर्ता के कर्मचारियों को सभी उचित समयों पर और उपभोक्ताओं को सूचित करने पर प्रदायकर्ता और उपभोक्ता के उपस्करों के निरीक्षण और परीक्षण के प्रयोजन के लिए और विद्युत के प्रदाय से संबंधित सभी प्रयोजनों के लिए जिसके अंतर्गत प्रदायकर्ता के यंत्रों की मरम्मत और या बदलना और उपभोक्ता के परिसर में मीटरों का वाचन भी है और उपभोक्ता को विद्युत शक्ति के प्रदाय की उचित निरन्तरता और अनुरक्षण के लिए आवश्यक/या आनुषंगिक सभी बातों को करने के लिए, उपभोक्ता के परिसरों में पहुंचने का अधिकार होगा । किन्तु जहां यह संदेह किए जाने का कोई कारण है कि कोई उपभोक्ता, विद्युत ऊर्जा के उपयोग की बाबत दुराचार में लिप्त है या विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहा है तो प्रदायकर्ता का इस प्रयोजन के लिए प्राधिकृत कर्मचारी किसी उचित समय में उपभोक्ता के परिसरों का निरीक्षण करने का हकदार होगा ।

17. प्रतिभूति निक्षेप—प्रदायकर्ता किसी उपभोक्ता से यह अपेक्षा कर सकेगा कि वह प्रदाय की गई विद्युत के लिए

अपने बिलों और उसके परिसर में संस्थापित मीटर और अन्य यंत्रों के मूल्य के लिए पर्याप्त प्रतिभूति जमा करे ।

प्रदायकर्ता किसी भी समय जमा की गई प्रतिभूति का उपयोग किसी ऐसी धनराशि के संदाय या चुकता किए जाने के मद्दे कर सकेगा जो उपभोक्ता से शोध्य या उसके द्वारा देय हो गई हो । प्रदायकर्ता संविदा की अवधि के दौरान किसी भी समय उपभोक्ताओं से बढ़े हुए प्रतिभूति निक्षेप की मांग भी कर सकेगा । प्रतिभूति निक्षेप का अतिशेष संविदा समाप्त होने पर उपभोक्ता को वापस कर दिया जाएगा ।

उपभोक्ता किसी भी समय प्रदायकर्ता की पूर्व सहमति से, संविदा और अपने दायित्व प्रदायकर्ता द्वारा अनुमोदित किसी अन्य व्यक्ति को अन्तरित कर सकेगा।

18. विद्युत के लिए प्रभार लगाने का ढंग—(क) प्रदाय की गई विद्युत के लिए कीमत और प्रभार लगाने का ढंग ऐसा होगा जो प्रदायकर्ता द्वारा यथास्थिति विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 और/या भारतीय विद्युत अधिनियम, 1910 के उपबंधों के अधीन रहते हुए समय-समय पर नियत किया जाएगा ।

19. विद्युत बिलों का संदाय —(क) बिलों का संदाय बिलों में विनिर्दिष्ट अंतिम तारीख को या उससे पहले जो उनके प्रस्तुत किए जाने की तारीख से 15 दिन से कम नहीं होगी के भीतर किया जाना चाहिए ।

(ख) बिलों की यथार्थता के संबंध में शिकायत प्रदायकर्ता को लिखित रूप में की जाएगी और ऐसे बिलों की रकम अभ्यापत्ति सहित उक्त अवधि के भीतर संदत्त की जाएगी । प्रकट अभ्यापत्ति सहित संदत्त बिलों की रकम उस समय तक जब तक विवादग्रस्त बिलों को पूरी तरह तय नहीं कर लिया जाता उपभोक्ता के खाते में जमा अग्रिम समझी जाएगी।

(ग) यदि उपभोक्ता उसको प्रस्तुत किए गए बिलों का संदाय उक्त अवधि के भीतर करने में असफल रहता है तो अनुज्ञाप्तिधारी अधिनियम की धारा 24 की उपधारा (1) के अधीन कार्रवाई कर सकेगा और उपभोक्ता को कम से कम पूरे सात दिन की लिखित सूचना देने के पश्चात् बिल की रकम बाद द्वारा या किसी अन्य विधि पूर्ण साधन द्वारा वसूल करने के अपने अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना प्रदाय का सकेगा ऐसी सूचना बिल में ही सम्मिलित होगी या पृथक रूप से तामील की जाएगी ।

किन्तु जहां कोई मतभेद या विवाद प्रदायकर्ता द्वारा पूर्वोक्त सूचना दिए जाने से पूर्व विद्युत निरीक्षक को निर्देशित किया गया है वहां प्रदायकर्ता बिल के संदाय में असफलता के लिए प्रदाय को तभी काट सकेगा जब प्रदायकर्ता ने उपभोक्ता से लिखित रूप में अनुरोध किया हो कि विवादग्रस्त रकम उक्त विद्युत निरीक्षक के पास जमा कर दी जाए और उपभोक्ता ऐसे अनुरोध का अनुपालन करने में असफल रहा हो।

20. हटाए जाने की सूचना —(क) ऐसा उपभोक्ता जो अपने परिसर को खाली करने या उप पट्टे पर देने वाले हों उन्हें प्रदायकर्ता को पूरे सात दिन की लिखित सूचना देनी चाहिए और परिसर को प्रदाय वियोजित करने का अवसर देना चाहिए अन्यथा प्रदायकर्ता इस बात की गारण्टी नहीं दे सकता है कि मीटर का वाचन अपेक्षित तारीख को किया जाएगा ऐसी सूचना देने में असफल रहने पर, उपभोक्ता को उस परिसर में उपयोग की गई ऊर्जा के लिए जिसकी बाबत प्रदायकर्ता के पास ऊर्जा के प्रदाय के लिए करार है उस दिन से सात दिन की समाप्ति उत्तरदायी माना जाएगा जिसको लिखित रूप में प्रदाय हटाए जाने की सूचना उसके कार्यालय में प्राप्त हुई है। उस खण्ड का उपबन्ध वहां तक लागू होगा जहां तक वह प्रदायकर्ता और उपभोक्ता के बीच हुए करार से असंगत नहीं है और जहां वह असंगत है, वहां करार के उपबन्ध अधिभावी होंगे।

(ख) ऐसे उपभोक्ता जो आवासीय प्रयोजनों के लिए प्रदाय प्राप्त कर रहे है, दो मास से अधिक की अवधि के लिए बाहर जा रहे हों या बाहर रहने के दौरान अपने मकान बन्द कर रहे हों या वे मकान उसी अवधि के लिए किराए पर न दिए जाने के कारण बन्द रहे हों और अधिभोग में न रहे हो उनसे अनुरोध है कि वे प्रदायकर्ता को पहले से सूचित कर दे जिससे कि परिसर में संस्थापित मीटरों का वाचन किया जा सके। संस्थापन वियोजित किया जा सके और यदि प्रदायकर्ता और उपभोक्ता के बीच करार हो जाए तो प्रदायकर्ता की सम्पत्ति को हटाया जा सके या प्रदायकर्ता को अन्यथा सूचित किया जाए कि जब कभी उपभोक्ता के जिले में वितरण मुख्यतारों का परीक्षण किया जाना है तब फ्यूजों को हटाने के लिए प्रदायकर्ता के इंजीनियर को समर्थ बनाने के लिए चाबियां कहां से अभिप्राप्त की जा सकती है। ऐसे मामलों में उपभोक्ताओं से मासिक न्यूनतम प्रभार प्रभारित नहीं किया जाएगा, परन्तु यह सब जब कि :—

(i) प्रदायकर्ता के एक या अधिक मीटरों का किराया तब तक संदत्त किया जाएगा जब तक कि वे उपभोक्ता के परिसर में रहते हैं, यदि मीटर हटा लिए जाते है तो इन शर्तों के भाग 3 में यथा उपबन्धित मीटर हटाने और पुनः लगाने के लिए प्रभार संदेय होगे।

(ii) उपभोक्ता करार की अवधि को इतनी अवधि के लिए बढ़ाने का करार करता है जिसके लिए यदि उसकी संविदा की अवधि समाप्त नहीं हुई है, तो मासिक न्यूनतम प्रभार का अधित्यजन कर दिया गया है।

(iii) पुनः संयोजन से पूर्व इन शर्तों के उपाबन्ध- VI के भाग 3 में यथा उपबन्धित पुनः संयोजन फीस

का संदाय कर दिया जाता है। यदि उपभोक्ता दो मास की समाप्ति से पूर्व पुनः संयोजन की अपेक्षा करे तो पुनः संयोजन फीस और मासिक न्यूनतम प्रभार दोनों का संदाय उपभोक्ता द्वारा करना पड़ेगा।

(ग) जब कोई उपभोक्ता अपने संस्थापन को प्रदायकर्ता के मुख्यतारों से संयोजन छोड़ देता है किन्तु मीटर को तालाबन्द कर देता है या अन्यथा उसे अपहुंच के बाहर कर देता है तब उपभोक्ता से मासिक न्यूनतम प्रभार प्रभारित किया जाएगा। यदि अगले मास मीटर वाचन के लिए पहुंच योग्य है तो उपभोक्ता से वास्तविक उपभोग में से उपर्युक्त संदत्त न्यूनतम प्रभार घटाकर पहुंच की, अवधि के लिए न्यूनतम के अधीन रहते हुए प्रभारित किया जाएगा। यदि मीटर दूसरे बिल की अवधि के लिए भी पहुंच के बाहर रहता है तो उपभोक्ता को अधिनियम की धारा 20 के अधीन 24 घंटे की सूचना की तामील की जाएगी कि वह प्रदायकर्ता के किसी कर्मचारी द्वारा नियत समय और तारीख को मीटर के वाचन के लिए अपने परिसर को खोले। यदि मीटर अब वाचन के लिए उपलब्ध हो जाता है तो, उपभोक्ता से वास्तविक उपभोग में से पहुंच न होने के पहले मास के लिए संदत्त न्यूनतम प्रभार घटाकर, मासिक न्यूनतम के अधीन रहते हुए, प्रभार लिया जाएगा। यदि मीटर 24 घंटे की सूचना के पश्चात् भी पहुंच के बाहर रहता है तो प्रदाय वियोजित कर दिया जाएगा। उस मास के लिए भी न्यूनतम मासिक प्रभार उपभोक्ता पर प्रभारित किया जाएगा। यदि वियोजन के पश्चात् मीटर, यथास्थिति वाचन के प्रयोजन के लिए और हिसाब तय करने या सेवा के पुनः संयोजन के लिए पहुंच योग्य कर दिया जाता है तो उपभोक्ता से वास्तविक उपभोग में से पहुंच न होने की अवधि के लिए न्यूनतम प्रभार के अधीन रहते हुए, प्रभार लिया जाएगा। यदि उपभोक्ता पुनः संयोजन के लिए आवेदन करता है तो इन शर्तों के भाग 3 के अधीन फीस पुनः संयोजन से पूर्व संगृहीत की जाएगी।

21. मीटरों की यथार्थता (क) जहां उपभोक्ता किसी मीटर की जो उसकी अपनी सम्पति नहीं है, यथार्थता पर विचार करे तो वह सूचना देकर और विहित फीस का संदाय करके प्रदायकर्ता द्वारा या विद्युत निरीक्षक द्वारा मीटर का परीक्षण अधिनियम की धारा 26 के अनुसार करा सकेगा। यदि प्रदायकर्ता द्वारा मीटर का परीक्षण किया जाए और उसे भारतीय विद्युत नियमों में, जिस रूप में वे समय-समय पर प्रवृत्त हैं, विहित रूप में यथार्थता की सीमाओं से परे पाया जाए तो परीक्षण फीस वापस कर दी जाएगी और बिल की रकम उस मास से जिसमें विवाद उत्पन्न हुआ है पूर्व के तीन मासों के मीटर वाचन की बाबत, उन मासों के दौरान यथार्थता की दशाओं का सम्यक ध्यान रखते हुए दिए गए परीक्षणों के परिणाम के अनुसार समायोजित की जाएगी। यदि परीक्षण विद्युत निरीक्षक द्वारा किया गया हो और मीटर गलत पाया गया हो तो उस अवधि का जिसके दौरान मीटर की यथार्थता को अनुज्ञेय सीमा के भीतर पाया गया नहीं समझा गया हो तो उस अवधि के दौरान उपभोक्ता को प्रदाय की गई ऊर्जा की मात्रा का विनिश्चय विद्युत निरीक्षक द्वारा किया जाएगा, जिसका विनिश्चय अन्तिम होगा।

(ख) जहां उपभोक्ता को बिना किसी मीटर के प्रदाय किया गया है या जहां लगाया गया मीटर काम करना बन्द कर देता है और ऊर्जा की चोरी या कदाचार का संदेह नहीं है, वहां उस अवधि के दौरान जब मीटर संस्थापित नहीं किया गया था या संस्थापित मीटर कार्य करना बन्द कर देता है, तो प्रदाय की गई विद्युत् की मात्रा का निर्धारण निम्नलिखित के अनुसार किया जाएगा :—

(i) उस अवधि के दौरान जिसमें मीटर ने कार्य करना बंद कर दिया था प्रदाय की गई विद्युत् की मात्रा, उस मास से जिसमें उक्त मीटर ने कार्य करना बन्द कर दिया था पूर्ववर्ती तीन मास के दौरान प्रदाय की गई विद्युत् की औसत निकाल कर अवधारित की जाएगी परन्तु यह तब जब उक्त तीन मास के दौरान विद्युत् के उपयोग के संबंध में शर्तें साधारणतया उन शर्तों से भिन्न नहीं थी जो उस अवधि के दौरान जिसमें मीटर ने कार्य करना बंद कर दिया था, विद्यमान थीं।

(ii) यदि उपखण्ड (i) में उल्लिखित दो अवधियों के दौरान विद्युत् के उपयोग के संबंध में शर्तें भिन्न थीं तो उन पूर्ववर्ती बारह मास के दौरान, जब कार्यकरण की शर्तें साधारणतया भिन्न नहीं थीं, किन्हीं तीस क्रमवर्ती मास के आधार पर अवधारण किया जाएगा।

(iii) जब उपखण्ड (i) या (ii) में उपदर्शित किन्हीं तीन मास के सेट का चयन करना संभव न हो या यदि मीटर संस्थापित हीं न किया गया हो, तो प्रदाय की गई विद्युत् की मात्रा प्रदायकर्ता द्वारा विद्युत् उपभोग के उत्पादन आंकड़ों के आधार पर या किसी अन्य ऐसे आधार पर जैसा प्रदायकर्ता उचित समझे जो विचाराधीन अवधि के दौरान कार्यकरण की शर्तों पर निर्भर करेगा, निर्धारित की जाएगी।

22. ऊर्जा का अप्राधिकृत प्रदाय :—

(i) उपभोक्ता प्रदायकर्ता, से क्रय की गई ऊर्जा के किसी भाग या संपूर्ण का प्रदाय किसी अन्य व्यक्ति को नहीं करेगा जब तक कि :—

(i) उसके पास ऊर्जा के वितरण और विक्रय के लिए राज्य सरकार द्वारा अनुदत्त समुचित मंजूरी या अनुज्ञप्ति न हो, या

(ii) प्रदायकर्ता द्वारा मंजूर की गई कोई विशेष संविदा या अनुज्ञा है, जिसमें ऐसी अनुज्ञा के अनुसार ऊर्जा के प्रदाय के लिए उपभोक्ता को अनुज्ञा दी गई हो।

(2) यदि किसी समय यह पता चलता है कि कोई उपभोक्ता अप्राधिकृत रूप से ऊर्जा का प्रदाय कर रहा है, तो, उसको प्रदाय कोई सूचना तामील किए बिना बंद कर दी जाएगी। इस शर्त के प्रयोजनों के लिए ऊर्जा के अप्राधिकृत प्रदाय का अर्थ उपभोक्ता द्वारा प्रदायकर्ता से ली गई ऊर्जा से किसी व्यक्ति को प्रदाय की गई ऊर्जा है, इस बात के होते हुए भी कि प्रदाय के लिए किसी रूप में प्रभार लिया गया है या नहीं। किन्तु किसी भूस्वामी द्वारा अपने किराएदार को या किसी स्थापना द्वारा अपने कर्मचारियों और/या कर्मचारियों के कल्याण/सुखसुविधाओं के लिए उपयोग किए जा रहे परिसरों के लिए विद्युत् शक्ति के प्रदाय को अप्राधिकृत प्रदाय के रूप में नहीं माना जाएगा।

23. विद्युत का अनाचार और चोरी :

(क) अनाचार:—अनाचार से अभिप्रेत है उपभोक्ता द्वारा भारतीय विद्युत अधिनियम, 1910, विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 या भारतीय विद्युत नियम, 1956 या विद्युत के प्रदाय और उपयोग को शासित करने वाली किसी अन्य विधि और उनके अधीन बनाए गए नियमों के किन्ही उपबन्धों का उल्लंघन और प्रदाय के लिए प्रदायकर्ता की शर्तों के किन्हीं उपबन्धों या प्रदायकर्ता द्वारा उपभोक्ता को विद्युत के प्रदाय को शासित करने वाली संविदा की किन्हीं निबन्धनों और शर्तों का उल्लंघन भी है और इसके अन्तर्गत विशिष्टतया निम्नलिखित भी सम्मिलित होंगे, अर्थात्

(1) किसी अन्य व्यक्ति को, प्रदायकर्ता की अनुज्ञा के बिना विद्युत का प्रदाय ।

(2) प्रदायकर्ता की विनिर्दिष्ट अनुज्ञा के बिना किसी उपभोक्ता द्वारा संविदाकृत भार से अधिक का उपयोग।

(3) प्रदायकर्ता की अनुज्ञा के बिना उपभोक्ता के संस्थापन का अप्राधिकृत परिवर्धन, परिवर्तन और/या विस्तार ।

(4) किसी उपभोक्ता द्वारा ऐसी विद्युत प्रदाय सेवा से, जो प्रदायकर्ता द्वारा किसी कारण से बंद कर दी गई है, प्रदाय का उपयोग करना ।

(5) यदि किसी विशिष्ट टैरिफ के अधीन किसी विनिर्दिष्ट प्रयोजन के लिए प्रदाय की गई विद्युत का उपयोग, प्रदायकर्ता की अनुज्ञा के बिना, किसी ऐसे भिन्न प्रयोजन के लिए किया जाता है जो प्रदाय के लिए संविदा में अनुध्यात नहीं है और जिसके लिए कोई उच्चतर टैरिफ लागू है ।

(6) विद्वेषपूर्वक ऊर्जा को बर्बाद करता है या पथान्तर करता है या ऊर्जा के प्रदाय को बंद करने के आशय से, किसी विद्युत प्रदाय लाइन या संकर्म को काटने या क्षति पहुंचाता है या उसे काटने या क्षति पहुंचाने का प्रयास करता है ।

(ख) विद्युत चोरी —

किसी ऐसे उपभोक्ता के बारे में जो बेईमानी से, किसी युक्ति की सहायता से या उसके बिना विद्युत ऊर्जा को निकालता है, उपभोग करता है या उपयोग करता है, जिसके अन्तर्गत ऐसी ऊर्जा का उपयोग भी है जिसको मीटर में नहीं लिया गया है और विद्युत के उपभोग को मीटर द्वारा सही ढंग से अभिलिखित करने से रोकता है, यह समझा जाएगा कि उसने इस अधिनियम के अर्थ के भीतर चोरी की है और विद्युत ऊर्जा के ऐसे निकाले जाने, उपभोग या उपयोग के लिए विद्यमान कृत्रिम या अन्य साधन, विद्युत के इस प्रकार बेईमानी से निकाले जाने, उपभोग या उपयोग के लिए, प्रथम दृष्टया साक्ष्य होंगे ।

(ग) विद्युत के अनाचार और चोरी के लिए संदाय :

जहां प्रदायकर्ता के सामाधान प्रद रूप में यह स्थापित हो जाता है कि किसी उपभोक्ता ने बेईमानी से विद्युत ऊर्जा को निकाला है, उपयोग किया है, उपभोग किया है या विद्वेषपूर्वक बर्बाद किए जाने या पथान्तर किया है, वहां निर्धारण, प्रदायकर्ता द्वारा पिछले छह मास की अवधि या प्रदाय प्रारम्भ किए जाने की तारीख से वास्तविक अवधि के लिए, जो भी कम हो, किया जाएगा, और इस प्रकार निर्धारित ऊर्जा के मूल्य का संग्रहण उसमें इसे सम्मिलित करते हुए अगले बिल द्वारा या किसी पृथक बिल द्वारा किया जाएगा । ऐसी रकम को सभी प्रयोजनों के लिए, विद्युत के बकाया के रूप में समझा जाएगा :

परन्तु यह कि इस प्रकार निर्धारित की गई ऐसी विद्युत ऊर्जा का मूल्य, जो निकाली गई है जिसका उपयोग, उपभोग, किया गया है, बर्बाद की गई या पथान्तर की गई है, उपभोक्ता द्वारा फाइल किए गए अभ्यावेदन किए जाने पर प्राधिकारी द्वारा पुनर्विमोचन निम्नलिखित तरीके से किया जाएगा ।

यदि कोई उपभोक्ता, प्रदायकर्ता द्वारा, उपभोग की गई समझी जाने वाली ऊर्जा की मासिक मात्रा और/या उसके लिए विचार की गई अवधि की बाबत किए गए निर्धारण व्यथित है, तो वह प्रदाय के पुनः संयोजन के पूर्व यथा निर्धारित ऊर्जा के मूल्य के 20% से कम रकम का संदाय नहीं करेगा और निर्धारण आदेश की प्राप्ति की तारीख से 30 दिन की अवधि के भीतर या विद्युत शक्ति प्रदाय के पुनः संयोजन की तारीख से जो भी पश्चातवर्ती हो किन्तु किसी भी दशा में, वह निर्धारण आदेश की, प्राप्ति की तारीख से 90 दिन के पश्चात नहीं होगी प्रदायकर्ता द्वारा अपने प्रधान कार्यालय में नियुक्त अपील प्राधिकारी के समक्ष अपने मामले को यदि वह ऐसा चाहता है, व्यपदिष्ट करेगा। अपील प्राधिकारी उपभोक्ता को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात और अपने अभ्यावेदन के समर्थन

में सभी लिखित और मौखिक साक्ष्य पेश करने के पश्चात, अपील का विनिश्चय करेगा और अपील प्राधिकारी का अपील में दिया गया विनिश्चय अन्तिम और उपभोक्ता पर आबद्धकर होगा और तब वह अपील प्राधिकारी के आदेश को संसूचित किए जाने की तारीख से 30 दिन के भीतर अधिशेष रकम का संदाय करेगा। ऐसा न किए जाने पर उसका प्रदाय विछिन्न किया जा सकता है। अपील प्राधिकारी का नाम और पदनाम उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए अधिसूचित किए जाएंगे। ऐसे मामलों में निर्धारण के लिए पद्धति भी प्रदायकर्ता द्वारा स्पष्ट रूप से बताई जाएगी।

24. प्रदाय को विछिन्न करने का प्रदायकर्ता का अधिकार.

(क) प्रदायकर्ता को अधिकार होगा कि वह ऊर्जा के प्रदाय को विछिन्न कर दे :

(1) यदि उपभोक्ता किसी यंत्र को लगाता है या प्रदायकर्ता द्वारा उसको प्रदाय की गई ऊर्जा का किसी अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग करता है या उसका किसी अन्य रीति से प्रयोग करता है जिससे कि प्रदायकर्ता द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को ऊर्जा के दक्षतापूर्वक प्रदाय में असम्यक रूप से या अनुचित रूप से बाधा पहुंचती हो, या

(2) यदि उपभोक्ता के परिसर में, विद्युत लाइनें, तारें और यंत्र विद्युत निरीक्षक या प्रदायकर्ता की राय में सुव्यवस्थित और अच्छी हालत में नहीं है, और जिससे परिणामस्वरूप प्रदायकर्ता द्वारा या अन्य उपभोक्ता द्वारा ऊर्जा का उपयोग हानिकर रूप में होना संभाव्य है, या व्यक्तियों या सम्पत्ति को खतरे में होना संभाव्य है, या ,

(3) यदि उपभोक्ता अपने परिसर के भीतर किसी विद्युत लाइन, तार या यंत्र में कोई परिवर्तन या परिवर्धन करता है और प्रदायकर्ता को उनकी परीक्षा और परीक्षण किए जाने के उद्देश्य से प्रदाय के स्रोत से ऐसा संयोजन किए जाने से पूर्व अधिसूचित नहीं करता है, या

(4) यदि विश्वास किए जाने का ऐसा कोई कारण है कि उपभोक्ता ने अधिनियम के किसी उपबंध या प्रदाय की इन शर्तों का उल्लंघन किया है या प्रदायकर्ता के साथ किए गए करार को भंग किया है, या ,

(5) यदि सम्यक रूप से उपभोक्ता को अधिसूचित किए जाने के पश्चात उपभोक्ता के संस्थापन का परीक्षण और निरीक्षण के प्रयोजन के लिए प्रदायकर्ता के किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि को किसी ऐसे परिसर में जिसमें ऊर्जा का प्रदाय किया जा रहा है या प्रदाय की गई है, प्रवेश करने की अनुज्ञा नहीं देता है या उचित सुविधाएं प्रदाय करने में असफल रहता है, या .

(6) यदि प्रदायकर्ता की जानकारी में यह बात आती है कि उपभोक्ता ने प्रदाय की इन शर्तों के खंडों में प्रगणित किसी अन्य अनाचार का प्रयोग कर रहा है या बेईमानी से विद्युत को निकाल रहा है, उपभोग कर रहा है, या उपयोग कर रहा है, या ,

(7) उपभोक्ता के दिवालियापन या उपभोक्ता के लेनदारों के फायदे के लिए किसी समनुदेशन के निष्पादन की दशा में, या किसी ऐसे उपभोक्ता के मामले में जो लिमिटेड कंपनी है, अनिवार्य या स्वैच्छिक समापन की दशा में।

ऊपर वर्णित किन्हीं कारणों से प्रदाय के विछिन्न किए जाने की दशा में, उपभोक्ता द्वारा उस समय संदेय समस्त धन राशि तुरन्त शोध्य और वसूलीय हो जाएंगी और उपभोक्ता करार की अनवर्णित अवधि के लिए या जहां कोई लिखित करार नहीं है वहां उस अवधि के लिए जो लागू होता है, यदि किसी करार का निष्पादन किया गया होता मासिक न्यूनतम प्रभार और न्यूनतम प्रत्याभूति, यदि कोई हो, का संदाय करता रहेगा।

25 विद्युत का प्रदाय विछिन्न होने पर, उपभोक्ता के लिए करार की समाप्ति

जहां कोई ऐसा उपभोक्ता जिसका प्रदाय, प्रदायकर्ता को देय किसी रकम का संदाय न किए जाने के कारण विछिन्न कर दिया गया है या किसी कारण से ऐसे देयों का संदाय करने में असफल रहता है और विछिन्न किए जाने की तारीख से तीन मास की अवधि के भीतर अपने हिसाब को नियमित कर लेता है, वहां प्रदायकर्ता एक मास की अवधि की सूचना देने के पश्चात करार को समाप्त कर सकता है। ऐसी समाप्ति, ऐसी समाप्ति के पूर्व उपगत या अर्जित अधिकारों और बाध्यताओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना होगी। किसी विशेष प्रतिभूति के अधीन देय रकम की वसूली के रूप में, ऐसी समाप्ति ऐसे समापन के होते हुए भी, वसूलीय होगी।

टिप्पण यदि कोई उपभोक्ता जो पुराने विछिन्न संयोजन का हिताधिकारी रहा है, यदि नए संयोजन के लिए आवेदन करता है तो उसे ऐसे संयोजन की अनुज्ञा केवल तभी दी जाएगी यदि उसने उस विछिन्न संयोजन के विरुद्ध जिसका वह हिताधिकारी रहा है, बकाया देयों का संदाय कर दिया है।

26 विद्युत् के उपयोग पर निर्बन्धन

(1) किसी उपभोक्ता द्वारा प्रदायकर्ता के साथ निष्पादित किसी करार/वचनबंध या उसको लागू टैरिफ में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, उपभोक्ता विद्युत् के उपयोग को अपनी अधिकतम मांग के निर्बन्धन के अनुसार और/या ऊर्जा के उपभोग

को, ऐसी रीति से उस अवधि के लिए जो किसी ऐसे आदेश में विनिर्दिष्ट की जाए, जो राज्य सरकार या प्रदायकर्ता द्वारा तत्समय विद्यमान किसी विधि के अधीन उनमें निहित शक्तियों के अनुसरण में किए जाएं निर्बन्धित कर सकेगा ।

(ii) यथापूर्वोक्त विद्युत् के उपयोग पर निर्बन्धन अधिरोपित किए जाने पर उपभोक्ता का न्यूनतम प्रभारों के संदाय का दायित्व निर्बन्धित कोटा के अनुपातिक दर तक सीमित होगा परन्तु यह तब जब वह अवधि जिसके दौरान निर्बन्धन प्रवृत्त रहता है, उतनी अवधि से कम न हो जितनी इस प्रयोजन के लिए विनिर्दिष्ट की जाए ।

(iii) किन्तु, यदि उपभोक्ता निर्बन्धित कोटा से अधिक उपभोग करता है तो उससे निर्बन्धन की उस अवधि के ऐसे भाग या सम्पूर्ण भाग के दौरान जो समय-समय पर विनिश्चित की जाए, निर्बन्धन कोटा के आधिक्य के लिए ऐसी बढ़ी हुई दरों पर प्रभार लिया जाएगा ।

(iv) निर्बन्धित कोटा के आधिक्य के बढ़ाए गए प्रभारों को उद्ग्रहीत करने के प्रदायकर्ता के अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, प्रदायकर्ता, किसी ऐसे उपभोक्ता के विद्युत् प्रदाय को जो अपने निहित कोटा से अधिक उपभोग करता है, विच्छिन्न कर सकेगा ।

27. अधिकारों की व्यावृत्ति—इन शर्तों की कोई बात भारतीय विद्युत् अधिनियम, 1910 या उसके अधीन बनाए गए किसी नियम और विद्युत् (प्रदाय) अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत प्रदायकर्ता और उपभोक्ता के अधिकारों को न्यून नहीं करेगी या उन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगी ।

[फा. सं. के. वि. बो.-305/26-पी पी उपा-6/87]

चरणजीत सिंह, सचिव,
केन्द्रीय विद्युत् बोर्ड

MINISTRY OF ENERGY

(Department of Power)

Central Electricity Board

New Delhi, the 8th July, 1987

G.S.R. 569.—The following draft of certain rule, further to amend the Indian Electricity Rules, 1956 which the Central Electricity Board proposes to make in exercise of the powers conferred by section 37 of the Indian Electricity Act, 1910 (9 of 1910) is hereby published as required by sub-section (1) of section 38 of the said Act for the information of all persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that the said draft will be taken into consideration on or after the expiry of a period of three months from the date of publication of this notification in the Official Gazette.

Any objections or suggestions which may be received from any person with respect to the said draft before the expiry of the aforesaid period will be considered by the Central Electricity Board.

